खगपति राम कथा मैं बरनी । स्वमति बिलास त्रास दुःख हरनी । ।
राम कथा गिरिजा मैं बरनी । कलि मल समनि मनोमल हरनी । ।
|| Ram Katha 936 - मानस रामकथा || Gondal,Gujrat || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 309 | इंदौर, बुधवार 22 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Lok Sabha Election : भोजपुर स्टार पवन सिंह को भाजपा ने किया निष्कासित, कहा- आपके कारण पार्टी की छवि धूमिल हुई
2. उफ ये गर्मी: बीकानेर में 47 डिग्री पार पहुंचा पारा, तपती रेत पर बीएसएफ जवान ने सेंका पापड़; तस्वीर वायरल
3. नौतपा 25 मई से : रोहिणी नक्षत्र में सूर्य का होगा प्रवेश, पड़ेगी भयंकर गर्मी, बेहद खतरनाक हैं ये नौ दिन!
4. Delhi: 'दिल्ली का पानी रोक रहा हरियाणा', AAP ने भाजपा पर लगाया आरोप; कहा- स्वाति का इस्तेमाल कर रही BJP
5. Jaishankar: विदेश मंत्री का बड़ा खुलासा, PM मोदी ने फोन से बात कर दो बार रुकवाया था रूस-यूक्रेन युद्ध

# टेम्प्रेचर 45 डिग्री पार

## ❑ग्वालियर-चंबल में कहर बरपा रही गर्मी, भोपाल-उज्जैन सीजन के सबसे गर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*भोपाल। मध्यप्रदेश में इन दिनों में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह से ही सूरज के तीखे तेवर हो जाते हैं, जबकि रातें भी गर्म हैं। ग्वालियर-चंबल के साथ अब मालवा-निमाड़ भी हॉट है। यहां दिन का टेम्प्रेचर 45 डिग्री के पार पहुंच जाता है। IMD, भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, 24-25 मई से पूरा प्रदेश लू की चपेट में रहेगा।*




मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। रतलाम सबसे हॉट रहा। यहां दिन का टेम्प्रेचर 45.6 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। वहीं, दतिया-नौगांव में 45.5 डिग्री, गुना में 45.4 डिग्री और ग्वालियर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल और उज्जैन सीजन के सबसे गर्म रहे।

### भोपाल-उज्जैन में रिकॉर्ड गर्मी

भोपाल में पारा 43.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं, उज्जैन में 44.1 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी की वजह से लू का असर भी रहा। प्रदेश के कई शहरों में हीट वेव, यानी गर्म हवाएं चली। टीकमगढ़, खंडवा, दमोह, नर्मदापुरम, खरगोन, खजुराहो और शाजापुर में पारा 44 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में पारा 42.8 डिग्री और जबलपुर में 41.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### भीषण गर्मी के साथ आंधी-बारिश भी

**मौसम विभाग ने बुधवार को भीषण गर्मी के अलावा बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में आंधी-बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।**

# लुटेरे के पैर बांधे-घसीटा, चेहरे पर मारे लात-घूंसे

## चेन छीनकर भाग रहे दो बदमाशों को पीटा, एसपी बोले- कार्रवाई करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। रीवा में दो लुटेरों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। वे एक महिला के गले से चेन छीनकर भाग रहे थे। गांव वालों ने उन्हें पकड़ लिया। पहले उनके पैर बांधे, फिर सड़क पर घसीटा। चेहरे पर लात-घूंसे और लाठी मारी।**

मामला चोरहटा थाना क्षेत्र के बहोरीबंद गांव में 14 मई का है। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी, मारपीट और लूट के 5 से ज्यादा केस दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक, 14 मई की दोपहर गांव की महिला बस से उतरकर घर जा रही थी। इसी दौरान विक्की सेन निवासी पांडे टोला और मुस्कान उर्फ अमन बारी निवासी रानी तालाब बाइक से आए। वे महिला की चेन छीन कर भागने लगे। महिला ने शोर मचाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सुना तो बदमाशों का पीछा किया। थोड़ी दूर बाइक रोककर उन्हें पकड़ लिया।

### पकड़ में आते ही कर दी जमकर पिटाई

लुटेरों के पकड़ में आते ही गांव वालों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। एक बदमाश के पैर बांधे। सड़क पर घसीटा। चेहरे पर लात-घूंसे मारे। एक ग्रामीण ने उसे लाठी मारी। दूसरे लुटेरों को भी जमकर पीटा। बाइक में भी तोड़फोड़ कर दी। गांव के ही एक युवक ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद गांव वालों ने डायल 100 को



कॉल किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

### एक हफ्ते पहले भी छीन लिया था बैग

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी घटना से सात दिन पहले भी गांव की ही एक महिला का बैग छीनकर भागे थे। गांव वालों ने उनकी बाइक का नंबर MP17 ZA 2556 देख लिया था। इसकी शिकायत भी बहोरीबंद थाने में दर्ज कराई थी। इस बार भी वही बाइक नंबर देख ग्रामीण बदमाशों पर टूट पड़े।

### एसपी बोले- कानून हाथ में नहीं लेना था

चोरहटा थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने बताया कि दोनों युवक शातिर बदमाश हैं। गांव में लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इनके खिलाफ चेन स्नैचिंग के मामले भी दर्ज हैं।

वहीं, एसपी विवेक सिंह ने कहा कि किसी भी अपराधी की सूचना लोगों को पुलिस को देनी चाहिए। कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। इस मामले में मारपीट करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## मिलावट से मुक्ति अभियान

# 17 प्रकरणों में दोष सिद्ध होने पर 13 लाख 70 हजार रुपए का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का निराकरण करते हुए खाद्य सामग्री के 17 संस्थानों पर 13 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।**

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विगत कुछ माहों में प्रकरण बनाकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी (अपर कलेक्टर) इंदौर के समक्ष प्रस्तुत किये गये थे। न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा प्रकरणों मे सुनवाई उपरांत आरोपी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोष सिद्ध पाये जाने पर 17 खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध कुल 13 लाख 70 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

**जिन खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अर्थदण्ड लगाया गया है, उनमें**

1. मेसर्स- सोशल इन्दौर एलएलपी, सी21 बिजनेस पार्क, एमआर 10 इन्दौर एवं फर्म आरती गृह उद्योग, कथवाडा, सिंघावा रोड, अहमदाबाद द्वारा अवमानक दही, पनीर एवं मिथ्याछाप श्री स्वामी नारायण फरयाली आटा मिक्स का विक्रय करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये अर्थदण्ड।
2. फर्म- होटल कोनार्क इन, 216, पीयू स्कीम नं. 54, नियर रसोमा सर्कल, विजय नगर, इन्दौर द्वारा अवमानक पनीर का विक्रय करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये अर्थदण्ड।
3. मेसर्स-शिव शक्ति दूध दही भण्डार, 24, नंदलालपुरा, इन्दौर को अवमानक घी के विक्रय करने पर 1 लाख रूपये का अर्थदण्ड।
4. फर्म-अल्फा डेयरी, 8. गीता भवन, ए.बी. रोड, इन्दौर द्वारा अवमानक मिश्रित दूध एवं पनीर का विक्रय करने पर 1 लाख रूपये अर्थदण्ड।
5. मेसर्स-चंद्रवंशी डेयरी, 08, मंगल नगर, एनएक्स सुखलिया, इन्दौर को अवमानक दही के विक्रय करने पर 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड।
6. मेसर्स-जैन मिठाई एवं नमकीन भण्डार, साकेत चौराहा, इन्दौर के द्वारा मिथ्याछाप मारोठिया पेड़े वाले के नमकीन का विक्रय करना एवं बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य व्यापार करने पर 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड।
7. मेसर्स यादव दूध डेयरी, नई बिस्ती निरजंनपुर इन्दौर के द्वारा अवमानक दही का विक्रय करने पर 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड।
8. मेसर्स-देव कृपा डेयरी, वार्ड 05 जवाहर मार्ग, गौतमपुरा, तह. देपालपुर, जिला इन्दौर के द्वारा अवमानक पनीर का विक्रय करने पर 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड।
9. मेसर्स- माँ की रसोई, गौपुर चौराहा, इन्दौर द्वारा अवमानक पनीर एवं मिथ्याछाप अशोक नमकीन सेंव का विक्रय करने पर 80 हजार का अर्थदण्ड।
10. फर्म-नवदुर्गा एव्हरफेशन एण्ड डेयरी, सुदामा नगर, इन्दौर द्वारा अवमानक पनीर का विक्रय करने पर 80 हजार रूपये अर्थदण्ड।
11. फर्म-एमके फूड्स, 516, बी प्रजापत नगर, इन्दौर द्वारा मिथ्याछाप कन्फेक्शनरी विक्रय करने पर पर 80 हजार रूपये अर्थदण्ड।
12. फर्म-अमृत डेयरी, 17,18, महावर नगर, इन्दौर द्वारा बिना पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर 60 हजार रूपये अर्थदण्ड।
13. मेसर्स-शंकर फूड प्रोडक्ट्स, 124, सुंगधा नगर, सांवेर रोड, इन्दौर को अवमानक सौंफ के विक्रय करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड।
14. मेसर्स-बाबा साहब दूध दही भण्डार, राजेन्द्र नगर, इन्दौर के द्वारा अवमानक दही का विक्रय करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड।
15. फर्म-माँ शारदा दूध डेयरी, 2/3, आंसार बाग कॉलोनी, नेमावर रोड, इन्दौर द्वारा अवमानक दूध का विक्रय करने पर 50 हजार रूपये अर्थदण्ड।
16. फर्म आराध्या दूध डेयरी, 102, ब्लाक नं. 10, परदेशीपुरा, इन्दौर अवमानक दही का विक्रय करने पर 50 हजार रूपये अर्थदण्ड।
17. फर्म- राधिका स्वीट्स नमकीन एण्ड स्वीट्स पार्लर, 9ए, धनवंतरी नगर, इन्दौर द्वारा अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों में खाद्य करोबार करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड शामिल हैं।

अधिरोपित शास्ति की राशि निर्धारित समयावधि 30 दिवस में जमा नहीं करने की दशा में संबंधित के खाद्य अनुज्ञप्ति अथवा खाद्य पंजीयन निलंबन किये जायेंगे एवं अर्थदण्ड की वसूली भू-राजस्व बकाया के रूप में की जाएगी।

# कांग्रेस से भाजपा में जाने से 3 पार्षदों की छिन सकती है पार्षदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले तीन पार्षद ममता सुभाष सुनेर, शिवम् यादव एवं विनीता धर्मेंद्र मौर्य को पार्षद पद से बर्खास्त करने के लिए इंदौर शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिला मिमरोट भाटिया ने अभिभाषक जयेश गुरनानी के माध्यम से मध्यप्रदेश के राज्यपाल को याचिका भेजी है। याचिका में कहा गया है कि तीनों पार्षदों को दलबदल कानून का हवाला देकर पद से हटाएं तथा उक्त वार्डों में फिर से चुनाव कराने की मांग की गई है।**



मध्यप्रदेश में पूर्व में भी सिंधिया समर्थक 22 विधायकों ने दल बदलकर कमलनाथ सरकार को अल्पमत में लाकर भाजपा की सरकार बनाई थी जिसके बाद दलबदल कानून के अंतर्गत 22 विधानसभा सीटो पर पुनः चुनाव हुए थे। हाल ही में इंदौर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम द्वारा दलबदल ने कांग्रेस को प्रत्याशी विहीन होना पड़ा था तथा डमी प्रत्याशी मोती सिंह को सर्वोच्य न्यायालय ने याचिका में देरी होने से राहत नहीं दी थी। भारतीय संविधान अनुसार संसद या विधायक दल बदल करते हैं तो भारतीय संविधान की अनुसूची 10 के तहत उक्त सांसद एवं विधायक का कार्यकाल समाप्त करने का प्रावधान है परंतु संभवतः यह पहली बार है कि इंदौर नगर निगम के तीन पार्षदों द्वारा दल बदल किया गया है। उपरोक्त संवेधानिक व्यवस्था तथा मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों अनुसार उपरोक्त परिस्थिति में पुनः चुनाव कराए जा सकते हैं। उक्त संदर्भ में कांग्रेस की पार्षद एवं इंदौर शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिला मिमरोट भाटिया ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल तथा मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को याचिका / आवेदन प्रस्तुत कर दल बदलू पार्षद ममता सुभाष सुनेर, शिवम् यादव एवं विनीता धर्मेंद्र मौर्य को तत्काल पार्षद पद से बर्खास्त करने एवं शेष कार्यकाल के लिए पुनः चुनाव कराने की मांग की है। यह आवेदन सोनिला मिमरोट भाटिया द्वारा अभिभाषक जयेश गुरनानी द्वारा विधिक अभिमत प्राप्त करने पश्चात दिया गया है।

# राजनीति मुझे ज्यादा समझ नहीं आती : मनोज बाजपेयी



इंदौर। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज बाजपेयी मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म भैयाजी के प्रमोशन के लिए इंदौर पहुंचे। उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के बाद इंदौर में उन्होंने मीडिया से कई विषयों पर बातचीत की। उन्होंने देश में चल रहे चुनाव और राजनीति पर कहा कि राजनीति मुझे ज्यादा समझ नहीं आती। यह सच है कि मैंने राजनीतिक पृष्ठभूमि पर बनी कई फिल्मों में काम किया है पर वास्तविक राजनीति मेरी समझ से बाहर है।

उन्होंने कहा कि मैं एक अभिनेता के रूप में ही खुद को बेहतर समझता हूं और जीवनभर अभिनेता ही बना रहना चाहता हूं। मनोज ने यह भी कहा कि आज तक उन्हें किसी भी पार्टी ने राजनीति से जुड़ने के लिए ऑफर नहीं किया है। 'भैया जी' संबोधन पर मनोज ने कहा कि भैया जी एक जिम्मेदारी भरा शब्द है यदि किसी को भैया जी कहा जाए तो यह उसकी जिम्मेदारी है कि वह एक समाज के लिए आदर्श बने और अच्छा काम करें। इंदौर में मीडिया से बातचीत के पहले मनोज बाजपेयी, निर्माता विनोद भानुशाली, समीक्षा शैल ओसवाल और विक्रम खाखर सहित 'भैया जी' की टीम ने उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अवैध उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार इंदौर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन के प्रकरणों में उत्खनन कर्ताओं से काफी समय से लंबित अर्थदंड की वसूली करने हेतु प्रभावी कार्रवाई प्रारंभ की गई है। इंदौर जिले में पिछले कुछ वर्षों के अवैध उत्खनन के अलग-अलग कुल 12 प्रकरणों में 37 करोड़ रूपये से ज्यादा की वसूली लंबित है, जिसके लिए अभियान चला कर वसूली की कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के क्रम में इंदौर जिले के तहसील राऊ, देपालपुर, मल्हारगंज, बिचोली हप्सी, सांवेर एवं जूनी इंदौर के समस्त संबंधित अवैध उत्खननकर्ताओं के निवासों व रिकॉर्ड अनुसार उपलब्ध पते पर संबंधित तहसील कार्यालयों से टीम पहुंची एवं अवैध उत्खनन के लंबित अर्थदंड बकाया की वसूली हेतु जारी नोटिस की तामीली कराने की कार्रवाई की गई। जिन स्थानों पर अवैध उत्खननकर्ताओं की प्राप्ति नहीं हुई उन स्थानों पर उनके परिवारजनों के माध्यम से एवं निवास स्थान/कार्यालय पर नोटिस चस्पा करते हुए तामिल कराने की कार्रवाई की गई। नोटिस अनुसार निर्धारित समय अवधि में अर्थ दंड जमा नहीं किये जाने पर संबंधित अवैध उत्खननकर्ताओं की संपत्ति से उक्त धन राशि को भू-राजस्व के बकाया की भांति वसूल करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा समस्त संबंधित राजस्व अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि लंबित बकाया राशि की वसूली यथाशीघ्र की जाए एवं बकायेदारों द्वारा यदि राशि जमा नहीं की जाती है तो संबंधित बकायेदारों की संपत्ति की कुर्की एवं नीलामी की कार्रवाई भी की जाये।

# जीवन संघर्ष' में संजय वर्मा 'दृष्टि' व हरिहरसिंह चौहान प्रथम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट







इंदौर। हिंदीभाषा डॉट कॉम परिवार द्वारा इस बार ८० वीं स्पर्धा 'जीवन संघर्ष' विषय पर कराई गई। इस कड़े मुकाबले में पद्य में प्रथम स्थान संजय वर्मा 'दृष्टि' (धार, मप्र और गद्य में हरिहर सिंह चौहान (इंदौर, मप्र) ने पाया है।

यह जानकारी मंच-परिवार की सह-सम्पादक श्रीमती अर्चना जैन और संस्थापक- सम्पादक अजय जैन 'विकल्प' ने दी। आपने बताया कि, प्राप्त प्रविष्टियों में से श्रेष्ठता अनुरुप निर्णायक मंडल ने इस बार पद्य वर्ग में पहला स्थान 'मजदूरी में पुरुषों से आगे' रचना पर श्री वर्मा को दिया है। इसी क्रम में डॉ. गायत्री शर्मा (इंदौर, मप्र) की रचना 'पसीना बहाते हैं' द्वितीय रही है, तो तृतीय रचना 'दिहाड़ी मजदूर' के लिए कमलेश वर्मा 'कोमल' (अलवर, राजस्थान) ने प्राप्त किया है। श्रीमती जैन ने बताया कि, 1 राष्ट्रीय कीर्तिमान, 1.54 करोड़ दर्शकों-पाठकों का अपार स्नेह एवं 10 सम्मान पाने वाले इस मंच द्वारा आयोजित उक्त स्पर्धा में गद्य वर्ग में 'मजदूरों का आत्म विश्वास बढ़ाएं, शोषण नहीं करें' के लिए श्री चौहान पहले विजेता हैं तो 'कालू' पर डॉ. सुनीता श्रीवास्तव को दूसरा विजेता क्रम दिया गया है। मंच की संयोजक प्रो.डॉ. सोनाली सिंह, मार्गदर्शक डॉ. एम.एल. गुप्ता 'आदित्य', परामर्शदाता डॉ. पुनीत द्विवेदी (मप्र), विशिष्ट सहयोगी एच.एस. चाहिल एवं प्रचार प्रमुख श्रीमती ममता तिवारी 'ममता' (छग) ने सभी सहभागियों को हार्दिक बधाई दी है।

# चुनाव निपटते ही अब स्वच्छता रैंकिंग की चिंता सताने लगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में रात के समय मशीनों से सफाई होती थी,लेकिन स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण की टीम आने से पहले शहर को साफ रखने के लिए दिन में भी मशीनों से सफाई हो रही है। इंदौर में कई जगह सीवरेज और नर्मदा लाइन के काम चल रहे है। इस कारण धूल भी ज्यादा है।**

शहर में चार माह के भीतर स्वच्छता रैंकिंग को परखने के लिए टीम आएगी। अलग-अलग स्तरों पर शहर के सफाई को देखा जाएगा, लेकिन इस बार इंदौर इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। बीते दो माह से नगर निगम का अमला लोकसभा चुनाव के काम में जुटा था,लेकिन अब नए निगमायुक्त शिवम वर्मा को स्वच्छता रैंकिंग की चिंता सताने लगी है। इंदौर में जो भी निगायुक्त छह सालों में पदस्थ रहे है।उनकी कोशिश यही रहती थी कि उनके कार्यकाल में इंदौर स्वच्छता में न पिछड़े। निगमायुक्त रहे मनीष सिंह ने पहली बार स्वच्छता अवार्ड नगर निगम को दिलाया। इसके बाद आशीष सिंह, प्रतिभा पाल और हर्षिका सिंह ने सफाई




व्यवस्था को बरकरार रखा, लेकिन छठी बार इंदौर के साथ सूरत को भी संयुक्त रुप से स्वच्छता रैंकिंग का पुरस्कार मिला। दोनो शहरों के नंबर समान थे। तीन माह पहले इंदौर में पदस्थ हुए निगमायुक्त शिवम वर्मा के लिए आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग को बरकरार रखना बड़ी चुनौती है, क्योकि शहर की सफाई व्यवस्था में पहले की तुलना में ढिलाई आई है। शहरवासी भी अब पहले जैसे जागरुक नहीं रहे। कचरा बेकलेन और सार्वजनिक स्थलों पर नजर आने लगा है। इंदौर में रात के समय मशीनों से सफाई होती थी,लेकिन स्वच्छता रैंकिंग सर्वेक्षण की टीम आने से पहले शहर को साफ रखने के लिए दिन में भी मशीनों से सफाई हो रही है। इंदौर में कई जगह स्टार्म वाटर लाइन, सीवरेज और नर्मदा लाइन के काम चल रहे है। इस कारण धूल भी ज्यादा है। उसे साफ करने के लिए मशीनों का उपयोग हो रहा है। आने वाले दिनों में इंदौर के डिवाइडरों का रंग-रोगन होगा। इसके अलावा दीवारों पर पेटिंग भी कराई जाएगी। शहर में नो थू-थू अभियान, मैं हू झोलाधारी अभियान भी चलाया जा रहा है।

## मेडिकल कारोबारी से ठगे 10 हजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देपालपुर के मेडिकल कारोबारी के साथ अज्ञात युवक ने दवाइयों का ऑर्डर देने का झांसा देते हुए 10 हजार रुपए खाते में डलवा लिए। पुलिस के अनुसार फरियादी जितेंद्र पिता बाबूलाल जैन की शिकायत पर मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जितेंद्र ने बताया कि आरोपी ने उन्हें फोन कर डेढ़ हजार रुपए की दवाई मांगी। उसने कहा कि वह ऑनलाइन पेमेंट कर देगा ,कुछ देर बाद दवाई लेने के लिए युवक तो नहीं आया अलबत्ता सामने वाले ने फोन कर कहा कि उनके खाते में दवाई के पैसे के अलावा ज्यादा पैसे ट्रांसफर हो गए हैं। उसने एक मैसेज भी भेज दिया। कारोबारी जितेंद्र जैन ने उसकी बात पर भरोसा करते हुए पैसा वापस लौटा दिया। बाद में चेक किया तो उनके खाते में कोई पैसा आया ही नहीं था, अब पुलिस साइबर ठगी की जांच कर रही है।

## प्राचीन बाल हनुमान मंदिर छत्रीबाग में भव्य भंडारा, भजन संध्या सम्पन्न

### 'आदित्य को आवाज़' अखबार क़े विशेषांक का भी हुआ विमोचन



कार्यक्रम में महिला नेत्रियों के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव,भारत पारिख,जीतू कुशवाहा।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के प्राचीन बाल हनुमान मन्दिर पर भव्य भंडारा, और भजन संध्या हुई जिसमें हजारो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम संयोजक इंदौर महानगर भाजपा पिछड़ा मोर्चा महामंत्री जीतू कुशवाहा ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत में बजरंगबली की आरती की गई उसके बाद भंडारा प्रारंभ हुआ।इस बीच भक्त मधुर भजनों की स्वरलहरियों पर थिरकते रहे।कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण मुरारी मोघे ,भारत पारिख,दीपेंद्र सोलंकी सहित अनेक गणमान्य हस्ती व महिला नेत्रियां मौजूद रही।इस दौरान प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज़'के विशेषांक का विमोचन भी महापौर जी द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपेश वर्मा,ओमी कुशवाह,सुरेश वर्मा,सचिन नीमा,मुकेश भाई, पवन लासुरकर, उमेश पांडे का विशेष सहयोग रहा।




महापौर भार्गव जी प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज़' के विशेषांक का विमोचन करते हुए साथ है अखबार के सचिन नीमा।

## इंदौर में भिखारियों को भीख दी तो भरना पड़ सकता है जुर्माना, बैगर फ्री सिटी बनाने की कवायद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता के बाद अब इंदौर को बैगर फ्री सिटी बनाने की कवायद भी हो रही है। इंदौर में सड़क पर भीख मांगने वाले भिखारियों को भिक्षुक केंद्र भेजा जाएगा। भिखारियों को भीख देने वालों को भी जुर्माना देना पड़ सकता है, हालांकि इससे पहले प्रशासन शहरवासियों को जागरुक भी करेगा।**

इंदौर में भिखारियों की संख्या काफी बढ़ गई है। देवास, सोनकच्छ के कंजर डेरों के अलावा दूसरे प्रदेशों से आकर लोग इंदौर में भीख मांगते है। कलेक्टर आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति रोको अभियान की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भिखारियों के अलावा भीख देने वालों पर भी कड़ी नजर रहेगी। भीख नहीं देने के लिए भी शहर में जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाकर जागरुक किया जाएगा।



अफसरों का कहना है कि भीख देकर भिखारियों को प्रोत्साहित करना भी उचित नहीं है। कई बार लोग दया के भाव से भीख देते है। खासकर बच्चों को ज्यादा भीख दी जाती है। यदि उन्हें शहर मे भीख नहीं मिलेगी तो वे हतोत्साहित होंगे। इसके लिए शहरवासियों को जागरुक करना होगा।

## नेपाल-बिहार के 7 बच्चे मोती तबेला से रेस्क्यू

### सिर्फ 7 हजार रुपए महीना देते थे वेतन और काम 11-11 घंटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। जिला प्रशासन ने मोती तबेला स्थित एक बैग सेंटर से 7 बच्चों को मुक्त कराया है। वे यहां कई महीनों से काम कर रहे थे। इनसे 11-11 घंटे काम लेकर मात्र 7 हजार रुपए वेतन दिया जा रहा था। ये बच्चे 15 से 17 वर्ष के हैं और नेपाल-बिहार के रहने वाले हैं। जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि मोती तबेला स्थित मंजा नासिम और आकाश यादव द्वारा बैग तैयार किए जाते हैं। इन्हें बनाने के लिए नेपाल और बिहार के बच्चों को बुलाया गया है। इस पर मंगलवार दोपहर महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, पुलिस बल और संस्था आस इंदौर, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की संयुक्त टीम मोती तबेला क्षेत्र पहुंचे। यहां सात बच्चे काम करते पाए गए। बच्चों ने बताया कि वे सुबह 10 बजे से रात को 9 बजे तक बैग निर्माण का कार्य करते हैं। उन्हें सेंटर संचालक मंजा नासिम और आकाश यादव द्वारा हर माह 7 से 8 हजार रुपए दिए जाते हैं। यह राशि उनके द्वारा परिवार को भेजी जाती है। बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। उनका मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है। परिवार को सूचना दी गई है। तब तक इसके उन्हें संस्था में रखा जाएगा।

# गर्मी में भगवान को ठंडक देने के लिए जतन, इस्कॉन में एसी लगाया

## सांदीपनि में दही, छाछ का भोग, महाकाल का 11 मटकियों से जल प्रवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। मध्य प्रदेश में इन दिनों सूरज के तेवर काफी तीखे दिखाई दे रहे है। उज्जैन में पारा 44 डिग्री पर पहुंच गया तो तो लोग गर्मी से बेहाल हो गए। गर्मी से बचने के लिए लोग जतन कर रहे है तो वही अब भगवान को भी गर्मी से राहत देने के लिए एसी पंखे कूलर के साथ चन्दन के लेप का सहारा लिया जा रहा है।**

देश भर के मैदानी इलाकों में गर्मी अपना असर दिखा रही है। भीषण गर्मी के चलते दिन में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है ,शाम को भी गर्मी चुभ रही है। आम लोग गर्मी से बचने के लिए तरह तरह के जतन कर रहे है। तो वहीं इस्कॉन मंदिर में भीषण गर्मी के प्रकोप से भगवान श्री कृष्ण, बलराम सुदामा राधा सहित अन्य देवी-देवता को बचाने के लिए और उन्हें शीतलता प्रदान करने के लिए खास इंतजाम किए गए है। इस्कॉन मंदिर में भगवान के गर्भगृह को ठंडा रखने के लिए तीन एसी का सहारा लिया जा रहा है। भगवान को लगातार ठंडक देने के लिए 21 दिन तक चन्दन का लेप भी लगाया जायेगा।

धार्मिक नगरी उज्जैन के इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण, राधा , बलराम ,जगन्नाथ जी सहित अलग अलग विग्रह को भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए और शीतलता प्रदान करने के लिए ख़ास इंतजाम किए गए है ,इस्कॉन मंदिर के पंडित राघव दास ने कहा की जिस तरह आम इंसान को गर्मी और ठंड का अहसास होता है, उसी तरह भगवान का भी इन महीनो ख़ासा ध्यान रखा जाता है।ठंड के मौसम में भगवान को ऊनी वस्त्र पहनाए जाते है तो गर्मी अधिक होने से एसी से ठण्डक दी जा रही है।

### अक्षय तृतीया से 21 दिन तक लगातार ठंडा रखने का जतन-

परम्परा है माधवेन्द्र पूरी को भगवान गोपाल जी ने दर्शन दिया था वृंदावन में और कहा था की बहुत गर्मी हो रही है जाओ चन्दन लेकर आओ शरीर पर लगाओ। उसी को लेने के लिए निकले जब वापस आये तो उस दिन अक्षय तृतीया थी। उस समय वे उड़ीसा में थे उन्होंने कहा की आप गोपी नाथ जी को चन्दन लगा दीजिये में उनसे ही शीतलता ग्रहण कर लूंगा। इसलिए वैष्णव मंदिरो में चन्दन यात्रा होती है इसलिए भगवान के विग्रहो को चन्दन से लेपित किया जाता है ताकि शीतलता प्रदान हो आगामी 21 दिन तक इस्कॉन मंदिर में इसी तरह चन्दन लगाया जाएगा।

### 20 किलो चन्दन से ठंडक देंगे

इस्कॉन के पंडित राघव दास ने कहा भगवान कृष्ण राधा को ठंडक देने के लिए एसी के साथ चंदन का लेप भी लगाया जा रहा है। गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा इसके लिए भगवान को शीतलता व ठंडक प्रदान करने के लिए रोजाना चार लोग चंदन का लेप को तैयार कर रहे है। करीब 20 किलो चन्दन को एकत्रित कर भगवान को लगाया जाएगा।

### श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली में दही छांछ श्रीखंड का भोग -

सांदीपनि आश्रम के पुजारी रूपम व्यास ने बताया कि हर बार की तरह भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए भोग में भगवान श्री कृष्ण बलराम सुदामा और गुरु सांदीपनि को दही छांछ श्रीखंड तरबूज आम सहित पेय पदार्थो का भोग लगाया जा रहा है। साथ ही भगवान को रोजाना चन्दन का लेप लगाकर शीतलता प्रदान की जा रही है।

### भगवान महाकाल को शीतलता देने के लिए 11 मटकियां बाँधी गई

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल को शीतलता प्रदान करने के लिए भक्त इस तरह का जतन गर्मी में करते हैं। इसी प्रकार तेज ठंड के दिनों में भी भगवान को गर्म जल से स्नान कराए जाने की परंपरा निभाई जाती है। उसी तरह भीषण गर्मी से राहत के लिए भी तैयारी की जाती है। मंदिर के महेश पुजारी ने बताया कि वैशाख कृष्ण प्रतिपदा 24 अप्रैल से श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग पर मिट्टी के 11 कलश बांधे गए है जिनसे रोजाना जल प्रवाह कर भगवान महाकाल को शीतलता प्रदान की जा रही है। वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से यह मटकियां लगाई जाती है, जो ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तक करीब दो माह बंधी रहेगी। मान्यता है कि भगवान महाकाल इससे तृप्त होकर राष्ट्र व प्रजा के कल्याण के लिए सुख-समृद्धि प्रदान करते है।

### तीन दिन से लगातार 44 डिग्री पर पारा

उज्जैन में इस बार गर्मी के मौसम में नवतपा शुरू होने के पहले ही सूरज ने रौद्र रूप दिखा दिया है। रविवार सोमवार और मंगलवार तीन लगातार पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर रहा। अधिक तापमान ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। दोपहर के समय सड़को पर भी भीड़ दिखाई नही दे रही थी। दस दिनों के दौरान तापमान 42 डिग्री से 44 डिग्री पर पहुंचा है। प्रशासन ने लू से बचाव रखने के लिए एडवायजरी भी जारी की है। भीषण गर्मी के कारण लोग जरूरी कामों को छोड़कर घरों से बाहर नही आ रहे और बाहर निकलने वाले गर्मी और धूप से बचने के जतन कर रहे है। इस बार मई महिने में ही लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। दोपहर के समय गर्म हवा के थपेड़े और तेज धूप के कारण लोग बीमारी का शिकार भी होने लगे है। वहीं रात के तापमान में भी बढ़ोत्री होने से उमस बनी रहती है। प्रशासन ने जिले में अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए लू-तापघात से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई है।

# मोरटक्का ब्रिज के 6 पिलर डूबे

## ओंकारेश्वर डैम के पानी ने रोका काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा के मोरटक्का गांव में नर्मदा नदी पर बन रहे प्रदेश के दूसरे सबसे लंबे नेशनल हाईवे ब्रिज के निर्माण में बाधा आ गई है। इसकी वजह बना ओंकारेश्वर डैम से बिजली बनाने के बाद छोड़ा गया पानी। इस पानी में तीन पिलर डूब गए हैं, जबकि तीन अधूरे पड़े हैं। ऐसे में ब्रिज का काम लेट होगा, जबकि समयसीमा के मुताबिक इसे अगले महीने जून में पूरा होना था। यह ब्रिज इंदौर से एदलाबाद (महाराष्ट्र) तक बन रहे नेशनल हाईवे से देश के दो हिस्सों को जोड़ने में अहम होगा।

एनएचएआई इंदौर के अफसरों ने शासन स्तर पर पानी रोकने के लिए आग्रह भी किया, लेकिन जवाब मिला कि ये पानी ओंकारेश्वर डैम की बजाय पावर स्टेशन से छोड़ा जा रहा है। बिजली बनेगी, तो टरबाइन का पानी आएगा ही। बिजली उत्पादन का काम नहीं रोक सकते। ओंकारेश्वर बांध परियोजना के प्रमुख डीके द्विवेदी के मुताबिक पावर स्टेशन से 3 यूनिट से बिजली उत्पादन होता है। एक यूनिट से प्रति सेकेंड 223 क्यूबिक मीटर पानी छोड़ा जाता है। बता दें, इस ब्रिज का निर्माण भारतमाला परियोजना फेज-1 प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है।

# राहुल गांधी बोले- न्याय सबके लिए समान हो

## पुणे एक्सीडेंट पर कहा-ट्रक-बस ड्राइवर से निबंध नहीं लिखवाते?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर/उमरिया। पुणे हिट एंड रन केस में मध्यप्रदेश के दो इंजीनियर्स की मौत पर सांसद राहुल गांधी ने 'X' पर वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा, 'अगर ओला-उबर, ऑटो, बस और ट्रक ड्राइवर गलती से किसी को मार देते हैं तो 10 साल की सजा हो जाती है। अमीर घर का लड़का पोर्शे कार से दो लोगों की हत्या कर देता है तो उससे सिर्फ निबंध लिखवाया जाता है। बस ड्राइवर से क्यों नहीं लिखवाया?' उधर, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कोर्ट के फैसले पर हैरानी जताई है। फडणवीस ने कहा कि दो लोगों की मौत के बावजूद जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने नरम रुख अपनाया। जबकि, पुणे पुलिस ने बोर्ड को दिए अपने आवेदन में कहा था कि आरोपी के उम्र 17 साल और 8 महीने है।**

राहुल ने आगे कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा गया- दो भारत बन रहे हैं। एक अरबपतियों और दूसरा गरीबों का। उनका जवाब आता है- क्या मैं सबको गरीब बना दूं? सवाल ये नहीं। सवाल ये है कि अमीरों और गरीबों... दोनों को न्याय मिलना चाहिए, इसलिए हम लड़ रहे हैं। अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं।'

दरअसल, 18 मई की रात 2.15 बजे पुणे में बाइक सवार अश्विनी कोष्टा और अनीश अवधिया को हाई स्पीड पोर्शे कार ने कुचल दिया था। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। अश्विनी जबलपुर और अनीश उमरिया का रहने वाला था। कार पुणे के बिल्डर का नाबालिग बेटा चला रहा था। वह नशे में था।

### किशोर न्याय बोर्ड ने निबंध लिखने की सजा दी

किशोर न्याय बोर्ड की कोर्ट ने नाबालिग को घटना के 15 घंटे के अंदर ही जमानत दे दी। उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने के लिए कहा गया। मंगलवार सुबह पुलिस ने नाबालिग के पिता बिल्डर विशाल अग्रवाल को संभाजीनगर से गिरफ्तार किया। जिस बार में नाबालिग ने शराब पी थी, उसके ओनर और मैनेजर को भी अरेस्ट किया गया है।

अश्विनी और अनीश के शव सोमवार देर शाम घर पहुंचे। दोनों की उम्र 25 साल थी। मातम भरे माहौल में मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### परिवार में सबसे छोटी और लाड़ली थी अश्विनी

अश्विनी की फैमिली जबलपुर के साकार हिल्स में रहती है। परिवार में सबसे छोटी होने की वजह से वे सबकी लाड़ली थी। घरवाले उन्हें आशी कहकर बुलाते थे। बड़े भाई सम्प्रित बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। पिता सुरेश कोष्टा जबलपुर में बिजली विभाग में कार्यालय सहायक हैं। मां, पिता और भाई के आंसू नहीं थम रहे। अश्विनी 2 साल से पुणे में थीं। इससे पहले अमेजन कंपनी में थीं। स्विच कर जॉनसन कंट्रोल कंपनी जॉइन की थी। 14 जनवरी को बर्थडे सेलिब्रेट करने जबलपुर आई थी।

**एक माह पहले घर आया था अनीश-** अनीश उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली के रहने वाले थे। अनीश की मौत के बाद मां, दादी बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। वह एक माह पहले घर आया था। कंपनी से फोन आने के बाद वापस पुणे चला गया था। अनीश ने ग्रेजुएशन पुणे से किया और यहीं जॉब लग गई।

अनीश के छोटे भाई देवेश अवधिया ने नम आंखों से बड़े भाई को मुखाग्नि दी। देवेश भाई के साथ पुणे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। देवेश ने बताया कि अनीश ने घर में अपने लिए कमरे का रीनोवेशन कराया था।

### पब से पार्टी कर लौट रहा था बिल्डर का बेटा

पुणे में कार बिल्डर का 17 साल 8 महीने का बेटा चला रहा था। वह 12वीं में पास होने की खुशी में दोस्तों के साथ पब से पार्टी कर घर लौट रहा था। कोर्ट (किशोर न्याय बोर्ड) ने नाबालिग को घटना के 15 घंटे के अंदर ही जमानत दे दी। नाबालिग के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि कोर्ट ने शर्त रखी है कि लड़के को 15 दिन के लिए यरवदा में ट्रैफिक पुलिस के साथ काम करना होगा। दुर्घटनाओं पर एक निबंध लिखना होगा। शराब पीने की आदत का इलाज और काउंसिलिंग करानी होगी।

### पोर्शे की रफ्तार 200 किमी/घंटा थी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की टक्कर से अश्विनी हवा में कई फीट उछलकर जमीन पर आ गिरी थी। उनके कलीग पास खड़ी दूसरी कार में जा टकराए थे। लोगों ने ये भी बताया कि घटना की जानकारी मिलने के 15 मिनट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। हम लोगों ने कार सवार लड़कों को पकड़ा। वे नशे में थे। एक लड़का भाग गया था। घटना के वक्त उनकी कार की स्पीड 200 किमी प्रति घंटे थी। पुलिस के मुताबिक, कार पर नंबर प्लेट नहीं थी। कार सवार नशे में थे। टक्कर के कारण कार के एयरबैग खुल गए थे।

### पुलिस कमिश्नर को सस्पेंड किया जाना चाहिए

शिवसेना (उद्धव गुट) नेता व राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा, 'पुणे पुलिस कमिश्नर को सस्पेंड किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोपी को बचाने की कोशिश की है। लड़के को 2 घंटे में बेल मिल गई। मेडिकल रिपोर्ट नेगेटिव आई, जबकि शराब पीने के वीडियो सामने आए हैं। कौन मदद कर रहा है?'

### कार चला रहे नाबालिग का पिता, पब के मालिक-मैनेजर गिरफ्तार

मामले में पुणे पुलिस ने नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल को छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा जिस पब में नाबालिग ने शराब पी थी, उसके मालिक और मैनेजर को भी अरेस्ट कर लिया। तीनों को 24 मई के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। विशाल अग्रवाल शहर के नामी बिल्डर हैं।

पुणे के एक्साइज डिपार्टमेंट के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने कोजी बार और ब्लैक बार को सील कर दिया है, जिन्होंने नाबालिग आरोपी को शराब सर्व की थी।

## संपादकीय

# दोषियों को सजा देने की जरूरत

यह समझना मुश्किल है कि हमास और इजराइल के बीच जारी जंग से अब तक हासिल क्या हुआ है, लेकिन इतना साफ है कि इस त्रासदी में मानवता कराह रही है। कहने को दुनिया के वे देश भी मानवता की दुहाई देते हैं, जिनके हमलों में सैनिकों से ज्यादा निर्दोष आम लोगों की जान चली जाती है। यों तो बहुत कुछ तबाह करने के बाद आखिर किसी बिंदु पर युद्ध खत्म होता है, लेकिन उसके बाद हजारों लोगों की मौत के लिए शायद ही किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है। मगर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने सोमवार को युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया। अदालत ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित वहां के दो नेताओं और हमास के तीन नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की भी घोषणा की। मगर इजराइल ने खुद को 'लोकतांत्रिक' बताते हुए अदालत के इस रुख को 'वास्तविकता से कोसों दूर' बताया और हमास ने खुद को 'पीड़ित' कहा और इजराइल की तुलना 'जल्लाद' से की है। मगर प्रतीक रुप से भी देखें तो आइसीसी के फैसले की अपनी अहमियत है। करीब सात महीने पहले इजराइली सीमा में घुस कर हमास का आतंकी हमला निश्चित तौर पर बर्बरता की पराकाष्ठा था। इसके लिए वह दुनिया भर के मानवतावादियों के निशाने पर है। मगर हमास के उस हमले के जवाब में अब तक इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह अब दुनिया भर के लिए चिंता का सबब बन गया है। हमास के हमले में करीब बारह सौ आम लोगों की जान चली गई थी, उसके जवाब में इजराइल की सैन्य कार्रवाई में अब तक पैंतीस हजार से ज्यादा आम फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। उनमें एक बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। इजराइली हमले में अस्पतालों और हमले से बचने की पनाहगाहों को भी नहीं बख्शा गया। इजराइल के हमास पर हमले में कितने आतंकी मारे गए, यह साफ नहीं है, लेकिन इस क्रम में हजारों निर्दोष आम फिलिस्तीनियों को मार डाला गया। सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे कत्लेआम की जिम्मेदारी तय कर क्या दोषी को सजा दी जा सकेगी?

### अर्ज किया है..!

*ये मंसब-ए-बुलंद मिला जिस को मिल गया*
*हर मुद्दई के वास्ते दार-ओ-रसन कहाँ*

*- मोहम्मद अली ख़ाँ रश्की*

## OSHO कहिन

**"जिंदगी ठहराव और गति के बीच का संतुलन है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# हीटवेव से देश में हर साल कितने लोग मारे जाते हैं...

**जानिए किस साल हीटवेव से कितनी मौत**

| साल | मौत |
|---|---|
| 2015 | 2040 |
| 2016 | 1102 |
| 2017 | 375 |
| 2018 | 24 |
| 2019 | 215 |
| 2020 | 4 |
| 2021 | -- |
| 2022 | 33 |
| 2023 | 264 |

*(लोकसभा में 21 जुलाई 2023 को पूछे गए एक सवाल के जवाब में सरकार द्वारा शेयर किया गया डेटा)*

मौसम लगातार गर्म हो रहा है. तापमान बढ़ता जा रहा है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) लगातार देश के अलग-अलग इलाकों में गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर रहा है. फिलहाल जो अलर्ट जारी किया गया है वो चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के मौसम को लेकर है. तापमान 43 से 47 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है.

मौसम विभाग ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि लोग दिन के समय बाहर न निकलें. सूती कपड़ों का इस्तेमाल करें. खुद को ढक कर रखें. पानी पीते रहे. कोई भी परेशानी हो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं. यह काम हर साल मौसम विभाग करता है लेकिन इसके बावजूद लोग हीटवेव की चपेट में आ ही जाते हैं.

मौसम विभाग के मुताबिक अगले सात दिनों तक मौसम इसी तरह रहेगा. पारा सिर चढ़कर बोलेगा. गर्मी होगी. अगर हम बात करें की हीटवेव की वजह से मरने वाले लोगों की तो साल 2015 से 2023 तक हीटवेव की वजह से कुल मिलाकर देश में 4057 लोग मारे गए हैं.

### गर्मी की वजह से चुनाव को लेकर चिंता

पूरे देश में जनरल इलेक्शन हो रहे हैं. गर्मी की वजह से मतदान पर भी असर पड़ रहा है. सरकार भी इसे लेकर चिंतित है. अन्य पार्टियां भी हैं. पिछले वीकेंड तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था. मौसम विभाग लगातार हीटवेव को लेकर 'लाल' अलर्ट जारी कर रही है.

### बढ़ती हुई गर्मी को लेकर क्या है असली वजह?

भारत में गर्मी के असल में तीन ही महीने हैं. अप्रैल, मई और जून. इस मौसम में भारत के ज्यादातर हिस्सों में भयानक गर्मी होती हैं. इसके बाद मॉनसून का सीजन आता है, जब तापमान गिरना शुरू होता है. लेकिन पिछले एक दशक से गर्मी बढ़ती जा रही है. इसके साथ शुरू होता पानी की किल्लत का सिलसिला.

### दक्षिण एशिया का पारा औसत 0.85 डिग्री ज्यादा

वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन द्वारा की गई स्टडी के मुताबिक जलवायु परिवर्तन की वजह से एशिया के कुछ इलाके जिसमें भारत भी शामिल हैं, वो अप्रैल में ही हीटवेव का सामना 45 गुना ज्यादा कर रहे हैं. इसकी वजह से प्री-मॉनसून में दक्षिण एशिया का तापमान पिछले एक दशक में औसत 0.85 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो गया है.

### अप्रैल में ही हीटवेव से मौतें हो गई थीं शुरू

हीटवेव की वजह से अप्रैल महीने में भारत में 5, बांग्लादेश में 28 लोग मारे गए थे. इसके अलावा थाईलैंड और फिलिपींस से भी मौतों की खबर आई थी. भारत में प्रचंड गर्मी एक सार्वजनिक समस्या बन चुकी है. सरकार का अनुमान है कि पिछली एक सदी में हीटवेव की वजह से देश में करीब 11 हजार लोग मारे गए हैं.

Uttarpradesh

# नोटों की गड्डियां हीं गड्डियां : सामने आया हवाला कनेक्शन, जूता कारोबारियों ने रियल एस्टेट में भी किया निवेश

**आगरा, (एजेंसी)** आगरा शहर की तीन जूता कारोबारी फर्म बीके शूज, मंशु फुटवियर, हरमिलाप ट्रेडर्स पर आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग का छापा 80 घंटे बाद खत्म हो गया। चार दिन तक चली आयकर विभाग की कार्रवाई में 57 करोड़ रुपये के नोटों की गड्डियां मिलीं।

500-500 के नोटों की 11,400 गड्डियों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करेंसी चेस्ट में जमा कराया गया है। एक कारोबारी का हवाला कनेक्शन भी पाया गया है। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने की बात सामने आई है। आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने शनिवार को तीन जूता कारोबारियों के 14 ठिकानों पर छापा



मारा था। इनमें आगरा, कानपुर और लखनऊ के 84 से अधिक आयकर अधिकारी शामिल रहे। आयकर विभाग ने सबसे ज्यादा हरमिलाप ट्रेडर्स के घर से 53 करोड़ रुपये कमरे से जब्त किए, जबकि अन्य दो कारोबारियों से 4 करोड़ रुपये के नोटों की गड्डियां बरामद कीं। 80 घंटे तक चली आयकर कार्रवाई में लगभग 40 करोड़ रुपये की भुगतान पर्चियां मिलीं, जिनसे करीब चार हजार कारोबारी जुड़े हुए हैं। पहले तीन दिनों में आयकर विभाग के अधिकारियों को नकदी मिली, जबकि चौथे दिन पूरी कार्रवाई हवाला कनेक्शन और रियल एस्टेट से जुड़े निवेश के कागजातों की पड़ताल पर रही। एक कारोबारी ने हवाला के जरिये कई शहरों से लेन-देन किया है। इसका ब्योरा भी कारोबारी के घर मिले दस्तावेज और मोबाइल से मिल गया।

Maharashtra

## नागपुर में आवारा कुत्तों का आतंक, घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बच्चे को नोंच-नोंचकर मार डाला

**नागपुर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के नागपुर में आवारा कुत्तों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है. यहां घर के बाहर खेल रहे मासूम बच्चे पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया. बच्चे की रोने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग पहुंचे, जिन्होंने किसी तरह कुत्तों के चंगुल से बच्चे को छुड़ाया, जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. यह घटना नागपुर के मौदा तहसील इलाके गणेश नगर इलाके में हुई. मृतक बच्चे का नाम वंश अंकुश शहाणे है. घटना के समय वंश के पिता काम पर गए हुए थे और उसकी मां घर के काम में व्यस्त थी. बच्चा खेलते-खेलते घर के बाहर गेट के पास आ गया, जहां पहले से ही 2-3 आवारा कुत्ते मौजूद थे. मासूम को अकेला देखकर कुत्तों ने मासूम पर हमला कर दिया. कुत्तों के काटने के बाद जब वंश के रोने की आवाज आई तो आस-पड़ोस के रहने वाले लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने किसी तरह वंश को आवारा कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया. उसे इलाज के लिए ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई. वंश अपनी मां-बाप की अकेली संतान था. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. जानकारी के मुताबिक, कुत्तों ने वंश की गर्दन को अपने मुंह में दबा लिया था और गर्दन की मुख्य नस को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. नागपुर में ये आवारा कुत्तों के आतंक का पहला मामला नहीं है. इससे पहले भी आवारा और लावारिस कुत्तों के हमले में कई बच्चों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल भी हो चुके हैं. इस घटना के बाद आवारा कुत्तों से निपटने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाता है यह देखना महत्वपूर्ण होगा.

Uttarpradesh

## दारोगा ने युवक को इतना पीटा कि खून की उल्टियां करने लगा, अस्पताल में तोड़ा दम, भड़के अखिलेश

**देवरिया.** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में दारोगा की पिटाई से एक शख्स की हालत बिगड़ गई. उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया. दारोगा की पिटाई से मौत की खबर फैलते ही बवाल मच गया. भीड़ ने चौकी का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की. वहीं, इस मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने मांग की है कि दोषी पुलिसवाले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हो और मृतक के परिवार को 5 करोड़ का मुआवज़ा मिले. फिलहाल, आरोपी दारोगा पर एफआईआर दर्ज हो गई है. अभी वो फरार है. बताया जा रहा है कि बरहज थाना क्षेत्र के सतराव चौराहे पर चौकी इंचार्ज द्वारा सोमवार की शाम 30 वर्षीय दद्दन यादव की लाठी से बेरहमी से पिटाई की गई, जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई. दद्दन को खून की उल्टी होने लगी. आनन-फानन उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों द्वारा दद्दन को महृषि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया. मगर यहां पर इलाज़ के दौरान मंगलवार की शाम उसकी मौत हो गई.

Jharkhand

## पिता को सांप ने काटा, जिंदा करने के लिए बेटी पढ़ने लगी मंत्र, अस्पताल में उमड़ी भीड़

**गढ़वा, (एजेंसी)** झारखंड में एक शख्स को सांप ने काट लिया। आनन-फानन में घरवाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे एक दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया। लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शख्स की लाश लेकर कई अस्पताल में गए, लेकिन सभी जगह यही बताया गया कि उसकी मौत हो चुकी है। इसी दौरान मृतक की बेटी अपने पिता को जिंदा करने के लिए अस्पताल में मंत्र का जाप करने लगी। उसे मंत्र पढ़ता देख अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वह पोस्टमार्टम के लिए भी मना करने लगी, उसने कहा कि वह अगर अपने पिता को घर ले जाकर हनुमान जी के धाम पर रखेगी तब वह जिंदा हो जाएंगे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यह गढ़वा जिले की घटना है।

जानकारी के मुताबिक, चिनिया थानांतर्गत गुरु सिंधु चौक निवासी शिवनाथ साव का पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद साव की मौत मंगलवार को सांप काटने से हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध सोमवार की रात बाहर शौच करने के लिए घर से निकला हुआ था। उसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। उसे रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों उसे मेदिनीनगर अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

खेल

# एलिमिनेटर में राजस्थान-बेंगलुरु की भिड़ंत, हारने वाली टीम का सफर होगा खत्म

**अहमदाबाद, (एजेंसी) संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को आईपीएल के प्लेऑफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू (आरसीबी) की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। इस मैच में जो टीम हारेगी वो फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी जबकि जीतने वाली टीम क्वालिफायर दो पहुंचेगी।**

एक समय पर राजस्थान का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था, लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रहा। आईपीएल के पहले सत्र 2008 की विजेता राजस्थान कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही




था, लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुईं। दूसरी ओर आरसीबी प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डुप्लेसिस की टीम ने गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई।

जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमायर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं। हालांकि, अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं।

अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की मददगार नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है।

आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ भी फॉर्म में लौट आए हैं, जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है क्योंकि निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं। पिछले मैच में यश दयाल ने चेन्नई के महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा के सामने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर टीम को जीत दिलाई थी। वह इस लय को कायम रखना चाहेंगे।

सिनेमा

## दर्शकों की नेगेटिविटी से नहीं पड़ता गर्विता साधवानी को फर्क, कहा- लोगों को शर्म आती है कि..



ये रिश्ता क्या कहलाता है में प्रतीक्षा होनमुखे के हटने के बाद से गर्विता साधवानी इस किरदार को निभा रही हैं। भले ही उनकी परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया जा रहा है, लेकिन उनके नेगेटिव किरदार को दर्शकों का गुस्सा भी झेलना पड़ता है। गर्विता का कहना है कि जहां कई लोग ग्रे किरदारों को करने से बचते हैं, वहीं उन्हें लगता है कि ग्रे किरदार निभाना सबसे ज्यादा स्ट्रेंथ की बात है और उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं अगर दर्शकों को उनका किरदार पसंद नहीं।

दरअसल, हाल ही में गर्विता ने सोशल मीडिया पर फैंस से सवाल पूछने को कहा। इस दौरान एक फैन ने लिखा कि वह उन्हें रूही के किरदार में बहुत पसंद करती हैं। इस पर गर्विता ने लिखा कि वह अपने किरदारों के बारे में बहुत सोचती हैं कि कैसे वह उसमें कुछ अलग कर सकती हैं। कैसे वह उस किरदार में डेप्थ लेकर आएं और कैसे एक मोनोटॉनी ब्रेक करें।

इसके आगे गर्विता ने लिखा कि आज भी कई लोग ग्रे किरदार निभाने से बचते हैं, उन्हें शर्म आती है लेकिन गर्विता को लगता है ग्रे किरदार निभाने से आप में और ताकत आती है। अगर लोगों को उनका किरदार पसंद नहीं आ रहा तो उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है जब तक कि वह अपने किरदार के साथ जस्टिस कर रही हैं। उन्हें लोगों के परसेप्शन से दिक्कत नहीं है।




1. **Surname doesn't matter today: PM on Zomato CEO's 'janta hai tera baap kaun hai' speech**
2. **CCTV video shows man writing threatening messages for Kejriwal, arrested**
3. **6 feared drowned after boat capsizes in Maha's Ujani dam waters**
4. **What was the escape plan of Pune teen driver's father & how did police arrest him?**
5. **Bibhav Kumar brought to Mumbai for data retrieval in assault case**

# Paytm Q4 Results: Net loss widens to ₹550 crore, revenue down 2.9% YoY to ₹2,267.10 cr




**NEW DELHI, (Agency).** Fintech firm One97 Communications, which owns the Paytm brand, reported a widened loss of ₹550 crore, according to the company's regulatory filing. The company had posted a loss of ₹167.5 crore in the same period a year ago.

The revenue from operations of Paytm declined 2.8 per cent to ₹2,267.1 during the reported quarter from ₹2,464.6 crore in the corresponding quarter of the financial year 2023.

Participate daily to win an iPhone 15 & Boat Smartwatches!

For the year ended March 31, 2024, the company's loss narrowed to ₹1,422.4 crore. Paytm had recorded a loss of ₹1,776.5 crore in FY23.

The annual revenue of Paytm increased by about 25 per cent to ₹9,978 crore for FY24 from ₹7,990.3 crore in FY23.

The Reserve Bank of India barred Paytm Payments Bank Limited (PPBL) from accepting deposits, credit transactions or top-ups in any customer accounts, wallets, and FASTags, keeping in view the interest of customers, including merchants from March 15 onwards.

Paytm had estimated a ₹300-500 crore loss due to the RBI's restriction on PPBL.

# Awfis Space Solutions IPO opens today: Latest GMP, price band and key details

**NEW DELHI, (Agency).** Awfis Space Solutions IPO: The initial public offering (IPO) of Awfis Space Solutions opens for subscription today (May 22). The issue will close on May 27 and its price band is set at ₹364 to ₹383 per share. Those who are investing for the IPO of the workspace solutions provider can apply in lot size of 39 shares while the minimum investment amount required by retail investors is ₹14,937. Ahead of the IPO, the company raised ₹268.62 crore from anchor investors on May 21.

Awfis Space IPO details




The IPO- worth ₹598.93 crore at the upper end- comprises a combination of fresh issue of 33 lakh equity shares aggregating to ₹128 crore and an offer for sale (OFS) component of 1.23 crore shares which totals to ₹470.93 crore.

Awfis Space IPO key dates

The allotment of Awfis Space IPO is expected to be finalized on May 28 while the listing date is May 30. The shares of Awfis Space Solutions will be listed on both the stock exchanges BSE and NSE.

Awfis Space IPO objectives

Net proceeds from the IPO will be used by the company to fund capital expenditure towards the establishment of new centres and working capital requirements, it said.

# मोबाइल की बात पर कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आरोपियों ने एक युवक से बात करने के लिए मोबाइल लिया और जल्दी लौटाने से मना कर दिया। विवाद हुआ तो आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद भाग गए।**

हीरानगर पुलिस के मुताबिक घायल को नाम अनुराग पिता शिव नारायण गौर निवासी परदेसीपुरा है। उसकी शिकायत पर अज्ञात तीन लडकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात रेडीमेड काम्प्लेक्स में किसी काम से गया था। वहां तीनों आरोपी मिले और मोबाइल फोन की बैटरी डिस्चार्ज होने की बात कहते हुए उसका फोन बात करने के लिए मांगा। कहा कि उन्हें जरूरी कॉल करना है। उन्हें मदद करते हुए अपना मोबाइल फोन बात करने के लिए दे दिया था। काफी देर तक तीनों बात करते रहे और मोबाइल फोन नहीं दे रहे थे। देर होने पर अपना मोबाइल फोन मांगा तो आरोपी विवाद करने लगे और मारपीट कर पैर में चाकू मार दिया।

## राजीनामे को लेकर धमकाया, चाकू मारे

उधर, राजीनामे को लेकर आरोपियों ने एक युवक को धमकाया और चाकू से वार कर दिए। हमले के बाद आरोपी भाग गए। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घायल का नाम रवि है। फरियादी धीरज भदौरिया पिता हरविलास भदौरिया निवासी कुलकर्णी नगर की रिपोर्ट पर आरोपी विकास पटेल, नीरज पटेल निवासी गोविंद नगर खारचा, सौरभ श्रीवास्तव निवासी भगतसिंह नगर और एक अन्य साथी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया। हमले की घटना बाणगंगा ब्रिज के नीचे भगतसिंह नगर में हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने रवि को राजीनामा करने की बात पर से गालियां दी, पीटा और जान से मारने की नीयत से चाकू से पेट और सिर में वार कर घायल कर दिया।

# चॉकलेट फैक्ट्री में आग से मचा हड़कंप

## पड़ोस में बने मकान को हुआ नुकसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में बुधवार सुबह एक फैक्ट्री में आग लग गई। यहां सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाडियां रवाना हुई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक आस्था पैलेस कॉलोनी में एक चॉकलेट-बिस्किट की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकलों को मौके पर भेजा गया है। आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया गया।**

आग के चलते आसपास का इलाका खाली कराया गया। बताया जाता है कि यहां आसपास काफी बस्तियां है। इनमें सैकड़ों की संख्या में लोग रहते हैं। आग और उसके धुएं से रहवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता था। फैक्ट्री मालिक विजय के मुताबिक शार्ट शर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। उन्होंने बताया कि इलाके की बिजली गई हुई थी। जैसे ही बिजली आई अचानक आग लग गई। इस आग से नजदीक के मकान में रहने वाले जोशी परिवार के यहां नुकसान हुआ है। उनके मुताबिक केबल ओर अन्य सामान जल गया। जोशी ने तीन दिन पहले ही मकान का मुर्हुत किया था।

## पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समझौते की बात पर युवक की हत्या कर फरार हुए बदमाश को परदेशीपुरा पुलिस ने पकड़ लिया है। उस पर पुलिस उपायुक्त ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार, 12 मई को मालवा मिल क्षेत्र में मल्हारगंज क्षेत्र में मारपीट की घटना में समझौते को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए थे। इस दौरान युवक की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों मयंक पाखरे एवं यश को गिरफ्तार कर लिया गया था। मुख्य आरोपी उमेश उर्फ विजयनाथ उर्फ बच्चा राम पिता बाबूराव गावड़े निवासी धर्मराज कॉलोनी वारदात के बाद से फरार चल रहा था। मुखबीर की सूचना पर उसे चंद्रगुप्त टाकिज के पास से पकड़ा।

# दो पक्षों में विवाद, दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिल्डिंग मटेरियल के कारण रास्ता बाधित होने के विवाद में दो पक्ष के बीच मारपीट हो गई। चाकू और सरिए से हमले में दो घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है।**

बेटमा पुलिस के मुताबिक घटना बेटमा इलाके में बड़ा रावला में हुई। एक पक्ष से फरियादी लखनजीतसिंह पिता राघवेंद्रसिंह निवासी निवासी बड़ा रावला की रिपोर्ट पर आरोपी मोहन मारोठिया निवासी गढ़ी मोहल्ला, कान्हा मारोठिया और राजवीर मारोठिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने उसके घर के सामने मकान बनाने का सामान सरिया. ईंट, गिट्टी, रेती आदि डाल दी। इससे आने-जाने में परेशानी होने लगी। मैंने पड़ोसी मोहन मारोठिया को बोला कि आपने मेरे घर के सामने मकान मटेरियल रख दिया है उसे हटाओ। इसी बात को लेकर मोहन और उसके दोनों बेटों ने गालियां दी और लोहे के सरिए से सिर में वार कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी राजवीर मारोठिया की रिपोर्ट पर आरोपी लखनजीत इ्क्सह और इंद्रजीत पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने रास्ता बाधित होने की बात को लेकर गालियां दी और चाकू से सीने पर वार कर घायल कर दिया। मैं चिल्लाया तो मजदूर विजय और मेरे पापा मोहन बीच-बचाव करने आए तो उन्हें भी गाली दी। धमकाया कि आइंदा हमें कुछ बोला और थाने पर रिपोर्ट करने गया तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।

## फोटो वायरल करने की धमकी देकर रुपए ऐंठने वाला पकड़ाया

### मोबाइल में मिले दर्जनभर लड़कियों के फोटो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। युवती को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर रुपए की मांग करने वाले बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के मोबाइल की जांच में दर्जन भर अन्य लड़कियों के फोटो मिलें, जिस पर उससे पूछताछ की जा रही है।**

द्वारकापुरी थानाप्रभारी अनिल कुमार गुप्ता के अनुसार गत दिनों विदुरनगर की युवती ने शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी मनीष उर्फ राहुल उसके फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए रुपए की मांग कर रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी मनीष उर्फ राहुल पिता कल्याणसिंह प्रजापति (24) नि. चितावद साजननगर को घेराबंदी कर गिर तार कर लिया। आरोपी का मोबाइल चेक किया तो उसमें इसी तरह दर्जनभर लड़कियों के फोटो पाए गए। संभावना है कि आरोपी अन्य युवतियों को भी अपने जाल में फंसा चुका है, उससे आगे पूछताछ की जा रही है।

# जेल में बंद कैदी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लाखों रूपए के चेक बाउंस मामले में सजा काट रहे एक कैदी की मौत हो गई। जेलर आरएस नागर ने बताया कि सेंट्रल जेल में बंद कैदी 50 वर्षीय हरसिंह पिता हुकुमसिंह पटेल निवासी बड़वाह को अचानक तबीयत बिगडऩे पर एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां रात को उसने दम तोड़ दिया। कैदी किडनी की बीमारी से पीड़ित था।**

अधिक शराब ने ली जान अधिक शराब पीने से एक युवक की मौत हो गई पता लगाया जा रहा है कि कहीं जहरीली शराब पीने से तो नहीं मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पाएगी। शिवनगर बाणगंगा के रहने वाले 25 साल के दिलीप पिता गोविंद को उसके परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी था। रात को उसने अधिक शराब पी और सो गया इसके बाद नहीं उठा। दिलीप मजदूरी करता था उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक